# मेट्रो दूसरे चरण का सीएमआरएस ने किया 90 की स्पीड में टेस्ट

- सभी कार्यों से संतुष्ट होकर नवरात्रि में संचालन की अनुमति



नव भारत न्यूज

**इंदौर. मेट्रो रेल का आज सीएमआरएस ने अंतिम निरीक्षण पूरा किया. इस दौरान सुरक्षा कमिश्नर ने मेट्रो रेल का लवकुश चौराहे से मालवीय नगर तक 90 की स्पीड में टेस्ट किया. साथ ही उन्होंने चार स्टेशन का भी निरीक्षण किया.**

मेट्रो रेल की यात्री सुरक्षा और तकनीकी सत्यापन को लेकर सीएमआरएस ने आज मेघदूत से मालवीय नगर तक के खंड पर चार स्टेशनों का निरीक्षण किया.

आपातकालीन स्थिति में अग्नि सुरक्षा प्रणाली का परीक्षण और परिचालन क्षमता और सुरक्षा मानकों को ध्यान कर 90 की स्पीड में ट्रेन की गति का परीक्षण किया गया. सीएमआरएस ने निरीक्षण में पटरी और रोलिंग स्टॉक की सुरक्षा के लिए बेयरिंग की जांच की. सीएमआरएस का आज ही दौरा पूर्ण हो गया, जबकि 18 मार्च तक जांच करने वाले थे. इसकी वजह यह है कि मध्य प्रदेश मेट्रो के अधिकारियों ने सिविल और तकनीकी कार्य पूरी सतर्कता से किए है.

### तीन-चार दिन में अनुमति जारी होने की संभावना

ध्यान रहे कि उक्त निरीक्षण यात्री परिचालन शुरू करने से पहले का अंतिम सुरक्षा सत्यापन का हिस्सा है. सीएमआरएस के निरीक्षण के साथ ही अगले 3-4 दिनों में दिल्ली से मेट्रो के सुपर कॉरिडोर 02 से मालवीय नगर चौराहे तक संचालन की अनुमति जारी होने की संभावना है. इसके साथ ही मध्य प्रदेश सरकार के तय एजेंडा में रामनवमी या माह अंत में मेट्रो गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहे तक 17 किलोमीटर लंबी दूरी तय करना शुरू कर देगी.

# डीएवीवी जनसुनवाई में छात्रों की भीड़

- रिजल्ट और रिव्यू को लेकर पहुंचे आवेदन



**इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय डीएवीवी में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे.**

परीक्षा और परिणाम के दौर में आयोजित इस जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन रिजल्ट सुधार, रिव्यू, रिवैल्यूएशन और परीक्षा संबंधी जानकारी से जुड़े रहे. बीएड फर्स्ट सेमेस्टर के विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में रिव्यू के आवेदन लेकर पहुंचे. जनसुनवाई के दौरान परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी, असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. विष्णु नारायण मिश्रा और मोनाली सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए. इस दौरान बीएड और लॉ कोर्स के कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे. वहीं एक कैंसर पीड़ित छात्रा भी अपनी विशेष मांग लेकर जनसुनवाई में पहुंची. परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी के अनुसार, बीएड फर्स्ट सेमेस्टर के कई छात्र अपने परिणाम से असंतुष्ट हैं और इसे लेकर उन्होंने पहले विरोध भी जताया था. इसके बाद विश्वविद्यालय ने कुछ उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन का निर्णय लिया है. इन कॉपियों के परिणाम आने के बाद शेष कॉपियों के संबंध में आगे निर्णय लिया जाएगा.

### कई परीक्षाएं होने वाली हैं शुरू

उल्लेखनीय है कि आने वाले दिनों में डीएवीवी की कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं. इन्हीं परीक्षाओं और परिणाम से जुड़ी समस्याओं व शंकाओं को लेकर छात्र लगातार जनसुनवाई में पहुंच रहे हैं.

## एक नजर में

### शांतिनाथ विधान जैन धर्म की महत्वपूर्ण पूजा विधि



**इंदौर.** श्री शांतिनाथ विधान जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण पूजा विधि है, जिसका उद्देश्य भगवान शांतिनाथ की आराधना करना और उनके गुणों को आत्मसात करना है. भगवान शांतिनाथ जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर हैं, जिन्होंने अपने जीवन में शांति, अहिंसा और आत्म-संयम का मार्ग दिखाया, पुराणों के अनुसार इस अनुष्ठान को समस्त इन्द्र परिवार सहित करते है. मनुष्य समर्थ न होते हुए भी भक्तिवश शान्तिनाथ भगवान के समक्ष सांसारिक सुख- समृद्धि एवं मोक्ष की कामना के लिये भक्ति करता है. भगवान आदिनाथ से भगवान महावीर जन्मकल्याणक के अंतर्गत पण्डित जयसेनजी जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर अनन्तनाथ जिनालय छावनी में अनुष्ठान के अवसर पर कुसुम जैन एवं कैलाश वेद ने उक्त विचार व्यक्त किये. बड़ी संख्या में समाज के श्रावकों के अलावा विशेष रूप से भैयालाल जैन, रमेशकुमार जैन, डॉ नरेन्द्र कुमार जैन, जयश्री जैन, अंजू जैन, राजश्री जैन, हुकुमा जैन उपस्थित थे. नरेश-संगीता जैन ने भजनों की प्रस्तुति दी. ज्योतिषाचार्य एमके जैन ने अनुष्ठान की समस्त विधियां सम्पन्न कराई. आभार सुरेश जैन ने माना.

### मप्र में 54% डिलीवरी पार्टनर ईवी चलाना चाहते हैं

**इंदौर.** फिलपकार्ट ने आज ''द लास्ट माईल लीप: एम्पॉवरिंग डिलीवरी फ्लीट्स टू एक्सेलरेट इंडियाज़ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ट्रांज़िशन'' रिपोर्ट जारी की. इस रिपोर्ट के लिए भारत के लगभग 6,000 डिलीवरी पार्टनर्स का सर्वे किया गया। फिलपकार्ट की इस रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य प्रदेश के डिलीवरी पार्टनर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बहुत ज्यादा रुचि रखते हैं. सर्वे में शामिल 54 प्रतिशत डिलीवरी पार्टनर्स ने ई.वी अपनाने को लेकर इच्छा प्रकट की. इस सर्वे में मध्य प्रदेश में डिलीवरी पार्टनर्स द्वारा ई.वी एडॉप्शन की जबरदस्त संभावनाएं प्रदर्शित हुईं. फिलपकार्ट ग्रुप के हेड, सस्टेनेबिलिटी, निशांत गुप्ता ने कहा फिलपकार्ट में सस्टेनेबिलिटी एक मूल्य आधारित परिवेश का निर्माण करने से जुड़ी है, ताकि पृथ्वी और हमारे प्लेटफॉर्म को संचालित करने वाले लोगों को उसका लाभ मिल सके. इलेक्ट्रिक वाहनों में आय को स्थिर बनाने के साथ ऑपरेटिंग खर्च को कम करने की विशाल क्षमता है. साथ ही अंतिम छोर तक डिलीवरी इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए सबसे व्यवहारिक सेगमेंट्स में से एक है क्योंकि शहरों में यह काफी फैली हुई सेवा है, जिसका उपयोग बहुत ज्यादा होता है.

### 'इसुजू आई-केअर प्री-समर कैंप' की घोषणा

**इंदौर.** इसुजू की बेहतरीन सर्विस और गाड़ी के मालिक बनने का अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को पुन: दोहराने के अपने निरंतर प्रयास के अंतर्गत, इसुजू मोटर्स इंडिया अपनी इसुजू डी-मैक्स पिक-अप और एसयूवी रेंज के लिए देश भर में एक 'इसुजू आई-केअर प्री-समर कैंप' आयोजित करेगी. इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को इस मौसम में पूरे देश में बिना किसी परेशानी के वाहन चलाने का अनुभव प्रदान करने के लिए आकर्षक लाभ और निवारक रख-रखाव की जाँचों की सुविधा प्रदान करना है. 'इसुजू केअर' की पहल के रूप में, यह प्री-समर कैंप इसुजू के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर 23 से 28 मार्च (दोनों दिन समेत) के बीच आयोजित किया जायेगा. इस दौरान, ग्राहक अपने वाहनों के लिए विशेष ऑफ़र और अनेक लाभ उठा सकते हैं. यह प्री-समर कैंप इंदौर (2), जयपुर, जालंधर, कोल्हापुर, मुंबई (नेरुल और बोरीवली), सूरत, वडोदरा सहित अन्य स्थानों पर स्थित इसुजू की सभी अधिकृत सेवा सुविधाओं पर आयोजित किया जायेगा.

### येज़दी रोडस्टर को बाइक डिज़ाइन ऑफ द ईयर पुरस्कार

**इंदौर.** जावा येज़दी मोटरसाइकिल्स की 'बोर्न आउट ऑफ लाइन' येज़दी रोडस्टर ने कार एंड बाइक से 'बाइक डिज़ाइन ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीता है. क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक बोमन ईरानी ने यह पुरस्कार प्रसिद्ध ऑटोमोबाइल डिज़ाइनर, स्ट्रेट स्कूल ऑफ डिज़ाइन इंडिया के डीन थॉमस डाल से प्राप्त किया. यह सम्मान रोडस्टर की उस साहसी व्याख्या को मान्यता देता है जिसमें क्लासिक रोडस्टर को 'बोर्न आउट ऑफ लाइन' डिज़ाइन के साथ नए रूप में पेश किया गया है. क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक बोमन ईरानी ने कहा कार एंड बाइक से मिलने वाली पहचान का खास महत्व है, खासकर जब बात डिज़ाइन की हो. येज़दी रोडस्टर को क्लासिक अनुपातों को नए तरीके से सोचकर बनाया गया है, जबकि येज़दी के विद्रोही स्वभाव को बरकरार रखा गया है. जावा येज़दी मोटरसाइकिल्स में कॉन्सेप्ट डिज़ाइन प्रमुख अखिलेश मनचंदानी ने कहा डिज़ाइन का उद्देश्य कहने में आसान लेकिन लागू करने में चुनौतीपूर्ण था. हमें ऐसी मोटरसाइकिल बनानी थी जो विद्रोही और मजबूत लगे, लेकिन रोज़मर्रा की सवारी के लिए भी व्यावहारिक हो.

### न्यू बैलेंस का भारत में विस्तार

**इंदौर.** वैश्विक एथलेटिक ब्रांड न्यू बैलेंस ने इंदौर के हाई स्ट्रीट अपोलो में अपने नए स्टोर का आधिकारिक उद्घाटन कर दिया है. यह स्टोर महज़ एक रिटेल आउटलेट नहीं, बल्कि ग्राहकों को ब्रांड की दुनिया से रूबरू कराने के लिए तैयार किया गया एक खास डेस्टिनेशन है. यहाँ न्यू बैलेंस की तकनीक और स्टाइल का अनूठा संगम देखने को मिलता है. अब इंदौर के निवासी एक आधुनिक और इंटरैक्टिव स्पेस में ब्रांड के लेटेस्ट परफॉर्मेंस और लाइफस्टाइल कलेक्शन का सीधा अनुभव कर सकेंगे. न्यू बैलेंस इंडिया के कंट्री मैनेजर, राधेश्वर डावर ने कहा हमें इंदौर में न्यू बैलेंस का अनुभव लाते हुए बेहद गर्व हो रहा है. यह शहर अपनी जीवंतता, दृढ़ता और तेजी से बढ़ते फिटनेस प्रेमियों के लिए जाना जाता है. हमारा यह नया स्टोर सिर्फ खरीदारी की जगह नहीं है, बल्कि एक ऐसा डायनेमिक स्पेस है जहाँ रनर्स, एथलीट्स और स्टाइल के प्रति जागरूक युवा हमारे इनोवेशन और कारीगरी को करीब से देख और महसूस कर सकते हैं.

### एक दिन में न्यू टाटा सिएरा की सौ से अधिक डिलेवरी

**इंदौर.** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में एक ही दिन में ऑल-न्यू टाटा सिएरा की 100 से अधिक यूनिट्स की डिलीवरी की. सिएरा को देशभर में 1,00,000 से अधिक बुकिंग मिल चुकी हैं, जो इस मॉडल की मजबूत मांग और इसकी स्थायी लोकप्रियता को दर्शाती हैं. यह अभूतपूर्व प्रतिक्रिया सिएरा की प्रतिष्ठित पहचान और प्रीमियम मिड-एसयूवी के रूप में ग्राहकों के दिलों और दिमाग में उसकी खास जगह को रेखांकित करती है. यह महत्वपूर्ण आयोजन उज्जैन में आयोजित किया गया, जहां सांघी ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड (इंदौर और उज्जैन), श्याम ऑटोमोटिव (इंदौर और धार), वरेण्याम मोटर कार (भोपाल), सुगंध ऑटोमोबाइल्स (उज्जैन, रतलाम और नीमच), एम एस सेठ एंड सन्स (गुना), फ्रंटियर मोटोकॉर्प (जबलपुर), आनंद मोटोरन प्राइवेट लिमिटेड (सागर और छतरपुर), और सुनील ऑटोमोटिव्स (छिंदवाड़ा) ने ग्राहकों के साथ मिलकर इस मौके का जश्न मनाया.

# झुग्गी बस्तियों में होंगी स्वच्छता और सांस्कृतिक गतिविधियां

- बस्ती बेमिसाल अभियान का किया शुभारंभ
- शहर की 29 झुग्गी बस्तियों में 23 मार्च तक चलेगा अभियान



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम ने आज से शहर की झुग्गी बस्तियों में बस्ती बेमिसाल अभियान की शुरुआत की. उक्त अभियान 23 मार्च तक चलेगा. अभियान के तहत झुग्गी बस्तियों में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और पौधारोपण, पेंटिंग्स, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां होगी. बस्ती बेमिसाल अभियान शहर की 29 झुग्गी बस्तियों में चलाया जाएगा.**

नगर निगम द्वारा आज शिव नगर बस्ती (बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे, पानी की टंकी के पास) वार्ड क्रमांक 31 में स्वच्छ चौपाल का आयोजन किया गया. उक्त बस्ती से निगम ने बस्ती बेमिसाल अभियान की शुरुआत की. महापौर, निगम आयुक्त, स्वास्थ्य प्रभारी, पार्षद और अधिकारियों ने रहवासियों से चर्चा कर कचरा संग्रहण एवं सेग्रीगेशन (गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग) करना समझाया. इस दौरान सभी ने मिलकर स्वच्छता की शपथ ली एवं स्वच्छता अभियान में श्रमदान भी किया. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि स्वच्छता में केवल बड़ी कॉलोनियों ही नहीं, बल्कि स्लम बस्तियों एवं जागरूक नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है. उन्होंने महिलाओं से गीला सूखा कचरा अलग-अलग करने की स्वच्छता आदत एवं घर के साथ-साथ बाहर की सफाई पर चर्चा की. महापौर ने स्लम बस्तियों रहवासियों से अपील की कि वे अपने घरों के बाहर गुटखा एवं तंबाकू से होने वाले लाल दाग समाप्त करने के लिए भी जागरूकता फैलाएं.

### शहर की निम्न झुग्गी बस्तियों में होंगे आयोजन

अभियान के अंतर्गत ईश्वर नगर, विकास नगर, नट कॉलोनी, बजरंग नगर कांकड़, गोसिया नगर, नया बसेरा, प्रेम नगर, अन्नाभाऊ साठे बस्ती, इंदिरा एकता नगर, अनुराधा नगर, भावना नगर, बनवारी नगर, पतरे की चाल, रमाबाई कॉलोनी, डायमंड कॉलोनी, अहमद नगर, बापू गांधी नगर, शिव बस्ती, लसूडिया मोरी, निरंजनपुर नई बस्ती, विस्तारा कांकड़, शिवनगर, शिव दर्शन नगर, रस्सी मैदान एवं गंगा बाई बस्ती सहित 29 बस्तियों में स्वच्छता चौपाल, कचरा संग्रहण, स्वच्छता संवाद, पौधारोपण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के कार्यक्रम होंगे.

### नागरिक सहयोग करें

आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि अभियान के तहत शहर की 29 स्लम बस्तियों में स्वच्छता गतिविधियां शुरू की जा रही हैं. उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि निगम की टीम के साथ मिलकर अभियान में सहयोग करें और स्वच्छ इंदौर की पहचान को ओर मजबूत करें.

**स्लम कार्निवल 23 मार्च को**- स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि 18 से 22 मार्च तक बस्तियों में सौंदर्यीकरण, पौधारोपण एवं स्वच्छता गतिविधि का अभियान चलाया जाएगा। 23 मार्च को स्लम कार्निवाल होगा। इसमें स्वच्छता चैंपियन सम्मान, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, वॉल पेंटिंग एवं 3आर (रिड्यूज, रियूज़, रिसायकल) हाट जैसे कार्यक्रम होंगे. कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद बाल मुकुंद सोनी, अपर आयुक्त प्रखर सिंह, महापौर प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और निगम अधिकारी उपस्थित थे.

# लोकसभा में गूंजा इंदौर का रेल मुद्दा

- सांसद शंकर लालवानी ने उठाईं कई अहम मांगें



**इंदौर. सांसद शंकर लालवानी ने लोकसभा में बजट पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान शहर की रेल सुविधाओं और कनेक्टिविटी से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए. इंदौर मध्य भारत का प्रमुख शहर है, जहां रेल सुविधाओं का विस्तार समय की मांग बन चुका है.**

सांसद लालवानी ने लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के अंतर्गत बाणगंगा क्षेत्र के तेजी से विकास को देखते हुए बेहतर यात्री सुविधाएं और कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की. इसके साथ ही राजेंद्र नगर, मांगलिया, राऊ, चंद्रावतीगंज और गौतमपुरा रेलवे स्टेशनों के समग्र विकास की जरूरत बताई. उन्होंने कहा कि इंदौर में बढ़ती ट्रेनों की संख्या के अनुरूप मेंटेनेंस सुविधाओं को मजबूत किया जाना चाहिए. इसके तहत कोचिंग हब, वाशिंग लाइन, पिट लाइन और प्लेटफॉर्म की संख्या बढ़ाने की मांग रखी गई. साथ ही 70 वर्ष पुराने शास्त्री ब्रिज रेलवे ओवरब्रिज के सिक्स लेन पुनर्विकास और चंद्रावतीगंज रेलवे क्रॉसिंग पर जल्द ओवरब्रिज निर्माण पर भी जोर दिया. सांसद ने इंदौर-दिल्ली और इंदौर-मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने की प्रमुख मांग रखी. इसके अलावा इंदौर-उज्जैन के बीच नमो वंदे भारत ट्रेन और इंदौर-उज्जैन (देवास होते हुए) डेमू ट्रेन चलाने का प्रस्ताव भी रखा. उन्होंने इंदौर-पटना एक्सप्रेस, इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस और इंदौर-रीवांचल एक्सप्रेस को दैनिक करने की मांग की. साथ ही इंदौर-पुणे मार्ग पर अतिरिक्त ट्रेन, इंदौर-जयपुर के लिए रात्रिकालीन ट्रेन और खाटू श्यामजी के लिए विशेष ट्रेन चलाने का सुझाव दिया. इसके अलावा नांदेड़ हजूर साहिब से इंदौर-जयपुर होते हुए मुक्तसर-फिरोजपुर तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने का प्रस्ताव भी सामने रखा गया.

### रेल कनेक्टिविटी विस्तार के अन्य प्रस्ताव...

सांसद ने कोटा-सिरसा एक्सप्रेस को इंदौर तक विस्तारित करने और राऊ, चंद्रावतीगंज, राजेंद्र नगर व गौतमपुरा स्टेशनों पर स्टॉपेज देने की मांग की. साथ ही इंदौर-दाहोद और इंदौर-खंडवा रेल लाइन परियोजनाओं में तेजी लाने की आवश्यकता भी जताई.





# घरेलू गैस का कमर्शियल उपयोग जारी

### खाद्य विभाग की आंखें बंद

**इंदौर. घरेलू गैस की कमी आम लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गई है. जिला प्रशासन ने कमर्शियल गैस टंकियों पर रोक लगा रखी है, लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर खुले तौर पर घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है.**

कई क्षेत्रों में व्यवसायिक प्रतिष्ठान आसानी से घरेलू गैस का उपयोग कर रहे हैं, जबकि आम लोग टंकियों के लिए लंबी लाइनों में खड़े हैं. खाद्य एवं आपूर्ति विभाग समय-समय पर छापेमारी करता है तो है लेकिन फिर भी खाद्य विभाग की नाक के नीचे कमर्शियल उपयोग अब भी जारी है. अधिकारियों की कार्रवाई नजर नहीं आ रही है, और शिकायतों का कोई समाधान नहीं मिल रहा है. इस संकट के कारण लोग अब गैस के विकल्प की ओर बढ़ रहे हैं, जैसे कि इंफ्रा और इंडक्शन चूल्हे. कई लोग नौकरी छोड़कर गैस टंकियों के लिए लाइनों में खड़े हैं. गृहिणियों और छात्रों के लिए यह स्थिति और भी मुश्किल बन गई है.

यदि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग समय पर निगरानी और नियंत्रण नहीं होने से. आम जनता न केवल असुविधा झेल रही है, बल्कि विभाग की लापरवाही से परेशानी और बढ़ रही है. यह स्थिति प्रशासन की उदासीनता और विभागीय लापरवाही का साफ संकेत है, जो लोगों की जिंदगी को कठिन बना रही है.

# कांग्रेस ने एमओएस टैक्स के विरोध में किया प्रदर्शन

- आयुक्त कार्यालय का घेराव कर दिया ज्ञापन
- मनमानी टैक्स वसूली रोकने की मांग की - चौकसे



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम द्वारा शहर में संपत्ति कर में प्लॉट एरिया के खुले हिस्से को शामिल करने का कांग्रेस ने आज विरोध किया. कांग्रेस ने आज नगर निगम परिसर में आयुक्त कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया और आयुक्त को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में एमओएस पर निगम के मनमानी टैक्स वापस लेने की मांग की गई है.**

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में आज दोपहर कांग्रेस ने निगम आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया. कांग्रेस ने कहा है कि शहर के सभी मकानो में जो खुला स्थान छोड़ा गया है, उस पर टैक्स लगाने का फैसला गलत है. कांग्रेस ने निगम आयुक्त क्षितिज सिंगल को ज्ञापन देते हुए कहा कि उक्त एमओएस टैक्स को वापस लिया जाए. नगर निगम द्वारा उक्त टैक्स वसूली को रोका नहीं गया तो कांग्रेस सड़क पर विरोध करेगी. इस मौके पर पार्षद दीपू यादव, सीमा सोलंकी, सेफू वर्मा, सोनीला मिमरोट, राजू भदोरिया, अमित पटेल, सुदामा चौधरी, विनय बाकलीवाल, जितेंद्र सिंह ठाकुर, मुकेश यादव, राजेश चौकसे, अमन बजाज, शैलेश गर्ग, राजा चौकसे, संजय बाकलीवाल, बादशाह मीमरोट, प्रवेश यादव, प्रेम वर्मा, यादव, बच्चा यादव, जीतू पाटिल, संतोष यादव, विशाल चतुर्वेदी, जतिन थोरात, राहुल धाकड़, पुखराज राठौर, सेलू सेन, अभिषेक करोसिया, धर्मेंद्र गेदर, संतोष वर्मा, रविकांत मिश्रा, दिनेश सिलावट, विनोद चौकसे, विवेक खंडेलवाल, गिरीश जोशी, अंकित राजमल, चौधरी, धीरज चौधरी, सुनील सोलंकी, मुकेश ठाकुर, राकेश गोहर, हरनाम धारीवाल, देवी सिंह सेंगर, मुकेश ठाकुर, शशि हाड़ा, रीता डोगर, रमेश घाटे, सुनील पाल, धर्मेंद्र गेंदर, दिनेश कुशवाह, राजेश यादव, सुनील पाल, सुधीर सेठिया, आकाश कुशवाह, राहुल बोलने, शिव लाल गुर्जर, राहुल कुदाल मौजूद थे.

### गांधीवादी तरीके से किया जाएगा विरोध

चौकसे ने चेतावनी दी है कि नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी जहां भी खुले स्थान का टैक्स वसूलने जाएगा, वहां कांग्रेस उसका विरोध करेगी. विरोध गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्ण किया जाएगा. राज्य शासन ने नगर निगम के द्वारा हर मकान के खुले स्थान पर संपत्ति कर लगाना मनमानी है.

## एक नजर में

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के संघ चालक डॉ प्रकाश शास्त्री व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के प्रांत कार्यवाहक विनीत नवार्थ ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी**

# मालवा प्रांत में संघ का व्यापक विस्तार : 100% गांव-मोहल्लों तक हुई पहुंच

नवभारत न्यूज

**इंदौर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की वार्षिक बैठक 13 से 15 मार्च तक हरियाणा के समालखा (पानीपत) में सम्पन्न हुई. इस बैठक में देशभर से 1438 प्रतिनिधियों ने भाग लिया. बैठक में संघ के कार्य विस्तार, सुदृढ़ीकरण और शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई, जिसमें समाज का व्यापक समर्थन प्राप्त होने की जानकारी दी गई.**




इंदौर में हुई प्रेस वार्ता में डॉ प्रकाश शास्त्री प्रांत संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत इनके साथ विनीत नवार्थ प्रांत कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में देश के 924 जिलों के 6602 खंडों में से 6127 खंड शाखायुक्त हो चुके हैं. देशभर में 88,949 शाखाएं संचालित हो रही हैं, जबकि मालवा प्रांत में 3,292 स्थानों पर 5,049 शाखाएं सक्रिय हैं. इस वर्ष प्रांत में विद्यार्थी शाखाओं में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है.

**मालवा में व्यापक जनसंपर्क और विस्तार**-शताब्दी वर्ष के अवसर पर चलाए गए गृह संपर्क अभियान के तहत मालवा प्रांत के सभी 12,246 गांवों और शत-प्रतिशत मोहल्लों तक संघ कार्यकर्ताओं की पहुंच बनी. लगभग 82 हजार कार्यकर्ताओं ने 32 लाख परिवारों से संपर्क किया. इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में भारत माता के चित्र और पत्रक, तथा शहरी क्षेत्रों में संघ की 100 वर्ष की यात्रा से संबंधित साहित्य वितरित किया गया.

**प्रशिक्षण और युवा सहभागिता**-देशभर में 919 प्राथमिक वर्गों में 40,392 स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण लिया. मालवा प्रांत में 25 वर्गों में 1712 स्वयंसेवक शामिल हुए. वहीं युवा कार्यक्रमों के अंतर्गत 311 परिसर व्याख्यान और 179 युवा संगम आयोजित किए गए, जिनमें 1.88 लाख से अधिक युवाओं की भागीदारी रही.

### हिंदू सम्मेलन और सामाजिक सद्भाव

मालवा प्रांत में 1355 मंडलों और 940 बस्तियों में आयोजित हिंदू सम्मेलनों में 70 लाख से अधिक लोग शामिल हुए. इन आयोजनों से पहले प्रभात फेरियां, महिला बैठकें और कलश यात्राएं भी आयोजित की गईं. सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए 181 सामाजिक सद्भाव बैठकों में 10,840 समाज प्रमुखों ने सहभागिता की.

**नई संभाग व्यवस्था**-संघ ने कार्य विस्तार को ध्यान में रखते हुए भौगोलिक संरचना में बदलाव की घोषणा की है. मार्च 2027 से वर्तमान प्रांत व्यवस्था के स्थान पर नई संभाग व्यवस्था लागू होगी. मालवा प्रांत को उज्जैन और इंदौर संभाग में विभाजित किया जाएगा.

**नशा मुक्ति और पर्यावरण**-देशभर में नशा मुक्ति, धार्मिक जागरण, परंपरागत कौशल संरक्षण और पर्यावरण जैसे विषयों पर व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। पंजाब, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों में सामाजिक जागरण के अनेक अभियान चलाए गए हैं।

**आगामी कार्यक्रम**-अप्रैल माह में मालवा प्रांत में 135 प्रमुख जन गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा. वहीं अक्टूबर-नवंबर में अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में प्रस्तावित है, जिसमें देशभर से 450 कार्यकर्ता शामिल होंगे. प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों ने समाज में संगठन के प्रति विश्वास और सहभागिता को और मजबूत किया है.